http://www.sgbauonline.com/

**AV–844**

# M.A. (Part-I) Semester–II Examination
## HINDI
## (Hindi Sahitya Ka Itihas)
## Paper-2

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 80

खण्ड 'क' (दीर्घोत्तरी प्रश्न)

1. रीतिकाल की पृष्ठभूमि स्पष्ट करते हुए उसके नामकरण की सार्थकता पर प्रकाश डालिए। 16

अथवा

रीतिमुक्त काव्य के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उसमें घनानंद के योगदान का मूल्यांकन कीजिए।

2. भारतेंदु युगीन हिंदी कविता का प्रमुख प्रवृत्तियों का विवेचन कीजिए। 16

अथवा

प्रगतिवाद की विशेषताएं सोदाहरण समझाइए।

3. हिंदी नाटक के उद्‌भव और विकास पर प्रकाश डालिए। 16

अथवा

रेखाचित्र विधा की विशेषताएँ लिखकर उसमें महादेवी वर्मा के योगदान को रेखांकित कीजिए।

खण्ड 'ख' (लघूत्तरी प्रश्न)

4. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लगभग 10 से 15 पंक्तियों में लिखिए :- 16

(1) कवि बिहारी का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(2) 'भूषण की कविताओं में राष्ट्रीयता की भावना विद्यमान है।' स्पष्ट कीजिए।

(3) सामाजिक एवं राष्ट्रीय चेतना द्विवेदीयुगीन काव्य की एक प्रवृत्ति है। समझाइए।

(4) 'प्रयोगवाद का मूलाधार व्यक्तिवाद है' ऐसा क्यों कहा जाता है ?

(5) ऐतिहासिक आलोचना किसे कहते हैं ?

(6) आत्मकथा और जीवनी में क्या अंतर है ?

खण्ड 'ग' (वस्तुनिष्ठ/अतिलघूत्तरी प्रश्न)

5. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ/अतिलघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशानुसार लिखिए :- 16

(1) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने रीतिकाल का समय निर्धारित किया है-

(अ) सम्वत्-1700-1900 (ब) सम्वत्-1710-1910

(क) सम्वत्-1050-1375 (ड) सम्वत्-1650-1900

(2) केशव को 'कठिन काव्य का प्रेत' उनकी किस रचना के आधार पर कहा गया है ?

(अ) कविप्रिया (ब) रामचन्द्रिका

(क) रसिक प्रिया (ड) विज्ञानगीता

(3) किस कवि के दोहों में अर्थ गाम्भीर्य को 'गागर में सागर' की उपमा दी गयी है ?

(अ) रहीम (ब) मतिराम

(क) बिहारी (ड) वृन्द



http://www.sgbauonline.com/

http://www.sgbauonline.com/

(4) "प्रीति रीति विषम सु रोम-रोम बनी है"। पंक्ति का सम्बंध किस कवि से है ?

(अ) बिहारी (ब) आलम

(क) नेवाज (ड) घनानंद

(5) कवि भूषण को 'भूषण' की उपाधि किसने दी थी ?

(अ) चित्रकूट नरेश रुद्रदेव (ब) औरंगजेब

(क) छत्रपति शिवाजी (ड) महाराजा छत्रसाल

(6) 'भारत दुर्दशा' किसकी रचना है ?

(7) 'कामायनी' महाकाव्य के रचयिता कौन है ?

(अ) निराला (ब) प्रसाद

(क) पंत (ड) महादेवी

(8) खड़ी बोली के प्रथम महाकाव्य का नाम क्या है ?

(अ) साकेत (ब) प्रियप्रवास

(क) कामायनी (ड) रामचरितमानस

(9) 'छायावाद' को स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह किस आलोचक ने कहा है ?

(अ) रामचंद्र शुक्ल (ब) डॉ. नगेंद्र

(क) नामवर सिंह (ड) नंददुलारे वाजपेयी

(10) महावीर प्रसाद द्विवेदी 'सरस्वती' के संपादक कब बने ?

(अ) 1901 में (ब) 1903 में

(क) 1905 में (ड) 1910 में

(11) 'रिपोर्ट' के कलात्मक और साहित्यिक रूप का 'रिपोर्ताज' कहते है। (कथन सत्य/असत्य)

(12) रामविलास वर्मा किस श्रेणी के आलोचक है ?

(अ) मार्क्सवादी (ब) सौष्ठववादी

(क) रसवादी (ड) ऐतिहासिक

(13) 'मैला आँचल' किस प्रकार का उपन्यास है ?

(अ) सामाजिक (ब) आँचलिक

(क) मनोवैज्ञानिक (ड) राजनीतिक

(14) रामचंद्र शुक्ल ने हिंदी का पहला उपन्यास किसे माना है ?

(अ) निस्सहाय हिंदु (ब) भाग्यवती

(क) परीक्षा गुरु (ड) सेवासदन

(15) 'कोणार्क' के रचनाकार कौन है ?

(अ) लक्ष्मीनारायणलाल (ब) उपेंद्रनाथ अश्क

(क) विष्णु प्रभाकर (ड) जगदीशचंद्र माथुर

(16) इनमें से कौन सा नाटक मोहन राकेश ने नहीं लिखा ?

(अ) आषाढ़ का एक दिन

(ब) लहरों के राजहंस

(क) आधे-अधूरे

(ड) चंद्रगुप्त



http://www.sgbauonline.com/